<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार प्रशासन के राजभाष विभाग की ओर से कल हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया।
- राजभाषा सचिव श्री विश्वेन्द्र ने कहा कि द्वीपसमूह में हिन्दी सही मायनों में राजभाषा के रूप में उभर कर सामने आई है।
- दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडर इन–चीफ–लेफ्टिनेन्ट जनरल अजय कुमार सिंह ने कल राज निवास में द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की।
- सांसद कुलदीप राय शर्मा ने इस वर्ष पी जी टी के पदों में चयन के लिए उम्मीदवारों को आयु सीमा में एक बारी छूट देने का अनुरोध किया है।
- भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के राजभाष विभाग की ओर से कल हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में लोक निर्माण और योजना सचिव अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्कूल से निकलने के बाद भी हिन्दी के आधिकारिक प्रयोग को जारी रखना चाहिए। राजभाषा विभाग प्रशासन के कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी के प्रयासों से हिन्दी सहित अन्य स्थानीय भाषाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

राजभाषा सचिव श्री विश्वेन्द्र ने कहा कि द्वीपसमूह में हिन्दी सही मायनों में राजभाषा के रूप में उभर कर सामने आई है। विभिन्न भाषा–भाषी लोगों के बीच हिन्दी आपसी संपर्क का साधन बनी। उन्होंने कहा कि सरकार शासकीय कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि हिन्दी का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए।

<><><><><><><>

राजभाषा के संयुक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि विभागों के कामकाज में हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उप–सचिव राजेन्द्र इंदवार ने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडर इन–चीफ–लेफि्टनेन्ट जनरल अजय कुमार सिंह ने कल राज निवास में द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भावी योजनाओं, सेना और सामरिक तथा द्वीपों में चल रही परियोजनाओं पर चर्चा की गई।

उधर, आर्मी डिफेन्स सर्विसेस स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन तमिलनाडु के सीनियर इन्स्ट्रक्टर ब्रिगेडियर डी एस बजाज़ ने छात्र अधिकारियों के साथ कल राज निवास में उप–राज्यपाल से मुलाकात की।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने इस वर्ष पी जी टी के पदों में चयन के लिए उम्मीदवारों को आयु सीमा में एक बारी छूट देने का अनुरोध किया है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि प्रशासन की ओर से आयु सीमा तीस वर्ष निर्धारित करने और अन्य कारणों से इस पद के योग्य उम्मीदवारों में काफी चिंताएं है। तीस वर्ष की आयु सीमा के भीतर एक उम्मीदवार दिए गए मूल आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे कर पाएगा। आयु सीमा को तीस वर्ष करने से कई उम्मीदवार हत्तोत्साहित हुए है और वे अपने आप को आसहाय महसूस कर रहे है। सांसद ने कहा कि देश के कई राज्यों में पी जी टी के पदों के लिए आयु सीमा सैंतीस से चालीस वर्ष है। सांसद की कहीं बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने उप–राज्यपाल से इस बार आयु सीमा में छूट देने की गुहार लगाई है।

<><><><><><><>

पी एम किसान सम्मान निधि के तहत लाभार्थी किसानों को हर वर्ष तीन समान किस्तों में छः हजार रूपए की राशि प्रदान की जाती है। अब तक चौदह किस्ते प्रदान की जा चुकी है और पन्द्रहवीं किस्त के लिए किसानों से अपना ई–के.वाई.सी पूरा करने, बैंक अकाउन्ट को आधार के साथ जोड़ने और जमीन के विवरण को पी एम किसान पोर्टल पर दाखिल करने जैसे जरूरी कार्यों को पन्द्रह अक्टूबर तक पूरा करने को कहा गया है।

किसानों से केवल पी एम किसान पोर्टल और पी एम किसान एप का ही इस्तेमाल करने को कहा गया है। इस संबंध में सहायता के लिए संबंधित अंचल कृषि अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। कल मौद्रिक समिति की बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर यथावत रखा है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि खाद्य और ईंधन को छोड़कर मुख्य मुद्रास्फीति में गिरावट का रुख है, हालांकि दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फसलों के लिए खरीफ की बुआई में गिरावट, और वैश्विक खाद्य तथा ऊर्जा कीमतों में अनिश्चय के कारण मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बनी हुई है। बयान के अनुसार दो हजार तेईस–चौबीस के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर छह दशमलव पांच प्रतिशत रहने का अनुमान है।

उधर, आर.बी.आई ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को भुगतान अवसंरचना विकास कोष योजना के अन्तर्गत शामिल करने का प्रस्ताव किया है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि इससे जमीनी स्तर पर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक ने भुगतान अवसंरचना विकास कोष योजना को दो साल की अवधि यानी इक्कतीस दिसम्बर दो हजार पच्चीस तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया है। इसका उद्देश्य भुगतान स्वीकार करने वाले उपकरणों को लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष अगस्त तक योजना के अन्तर्गत दो करोड़, छियासठ लाख से अधिक उपरकण लगाये गये हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए जुलाई माह में आयोजित हुई कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की आंसर–की प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां नौ अक्तूबर की मध्य रात्रि तक विभाग के भर्ती प्रकोष्ठ को दिए गए मेल के जरिए भेजी जा सकती है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पर्यावरण और वन विभाग की ओर से वन्य प्राणी सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा पुलिस विभाग की ओर से फर्जी नौकरी के प्रस्तावों के झांसे में न आने के अपील के समाचारों को शामिल किया है। बैक्टर जनित रोगों के नियत्रंण और उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को– इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। निकोबार के आदिवासी कैप्टनों और प्रगतिशील कृषकों के लिए कृषि और इससे संबद्ध क्षेत्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल में जगह मिली है जबकि एशियन गेम्स के हॉकी के फाइनल में भारत ने जापान को पांच एक से हराकर पेरिस ऑल्मपिक के लिए क्वालिफाई किया– द इको ऑफ इंडिया ने इस खबर को अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>